हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 24 अक्टूबर 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



**नया फरमान : राज्य शासन द्वारा अचानक सुगम एप लागू किए जाने से हड़कंप**

# मौके पर क्रेता और विक्रेताओं की फोटो लेने पर ही होगी रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला पंजीयक कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री के पहले मौके पर क्रेता और विक्रेताओं की फोटो अपलोड करने के बाद ही अप्वाइंटमेंट मिल पाएगा। विगत 21 अक्टूबर से लागू इस नियम के विरोध में जिलेभर के दस्तावेज लेखक और वेंडर अनिश्चितकालीन हडताल पर चले गए है। इस प्रक्रिया को उनके द्वारा अव्यहारिक करार देते हुए राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया है। हडताल के इन दो दिनों में रजिस्ट्री जहां आधी हो गई हैं, वहीं राज्य शासन के खजाने को भी तगडी क्षति पहुंची हैं।

हांलाकि जिला पंजीयक का कहना है कि, रजिस्ट्री ज्यादा प्रभावित नही हुई है। रोज जहां 90 फीसदी रजिस्ट्री होती है, उसमें सिर्फ 72 फीसदी ही कम हुई हैं। सालभर में दीपावली पर ही अधिक रजिस्ट्री होती हैं। लेकिन राज्य शासन द्वारा नए नियम को हाल ही में लागू किए जाने से रजिस्ट्री प्रभावित हो रही हैं। जानकारी अनुसार केन्द्र के एनजीडीआरएस पोर्टल को पहले ही लागू किया गया है। वेडरों ने बताया कि, रजिस्ट्री के पहले पक्षकार का डाक्यूमेंट तैयार किया जाएगा। उसके बाद एनजीडीआरएस पोर्टल से टोकन मिलने के बाद मौके पर क्रेता और विक्रेताओं को खडे कर उस जमीन सहित फोटो खिंचनी होगी। जमीन के चारों ओर यानि चौहद्दी की फोटो लेना अनिवार्य है। इस फोटो को फिर पोर्टल में अपलोड करना होगा। अपलोड करने के बाद अप्वाइंटमेंट दिया जाएगा। पूर्व में पुराने पोर्टल से भी काम हो रहा था। लेकिन 21 अक्टूबर को ही राज्य शासन द्वारा सुगम एप से रजिस्ट्री अनिर्वाय कर दिया गया है। जिससे वेंडर और दस्तावेज लेखको के बीच हडकंप की स्थिति निर्मित हो गई हैं।

**खास बातें**

- तीनों ब्लाक में हो रहा विरोध
- जिले में डेढ सौ से अधिक वेंडर और लेखक हडताल पर

**दो दिनों से हड़ताल पर डटे जिले के दस्तावेज लेखक और वेंडर**



### एक दिन पहले बैठ गया था एप

विगत मंगलवार को सुगम एप बैठ गया था। ऐसे में राज्य स्तर के अधिकारियों ने पुराना पोर्टल से रजिस्ट्री कराने के निर्देश दिए, जिसके बाद प्रक्रिया आगे बढी। इस प्रक्रिया के कारण न सिर्फ दुर्ग बल्कि प्रदेशभर में वेंडर और दस्तावेज लेखको ने राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया हैं। बुधवार को समस्त दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेताओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान पंचराम पटेल, योगेश सपहा, बकलम एके श्रीवास्तव सहित बडी संख्या में दस्तावेज लेखक और वेंडर उपस्थित थे। उनके द्वारा अनिश्चितकालीन हडताल शुरू कर दिया गया हैं।

### जानकारी दे रहे

राज्य शासन के निर्देशानुसार जमीन का फोटो स्कैन करना हैं। दस्तावेज लेखको को इसकी जानकारी दे रहे हैं। इससे परेशानी नही हैं। रजिस्ट्री भी हो रही हैं।
**-प्रियंका श्रीरंगे,** जिला पंजीयक दुर्ग

### बगैर ट्रैनिंग से इस तरह की दिक्कते

हरिभूमि ने इस नए नियम को लेकर वेडरों से जानकारी भी ली। उन्होने बताया कि, पहले तो राज्य शासन द्वारा बगैर प्रशिक्षण और जानकारी दिए सुगम एप लागू कर दिया गया है। इसमें मकान के तीन से चार तरफ फोटो लेना है। इसमें अगर मकान सटकर बना हैं, तो छप पर लेने चढकर फोटो लेने कहा जा रहा है। वही अगर खेत के बीच जमीन की रजिस्ट्री होगी तो बारिश के दिनों में कैसे फोटो लेगें। इन तमाम परेशानी से दस्तावेज लेखको की समस्या बढ गई है। यही कारण हैं कि दो दिन से वे

# स्पैरो कम्पनी के खिलाफ शिकायत का कल तक निगम में लेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




- होगी कार्यवाहीं, पीड़ितों से मांगे गए आवेदन

स्पैरों कंपनी द्वारा आम लोगों से टैक्स की राशि लेने के बाद रसीद नही दिए जाने के मामले में निगम प्रशासन द्वारा पीडितों से आवेदन मांगे गए है। निगम द्वारा विगत 21 से आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई हैं, जिसे 25 अक्टुबर तक लिया जाएगा। इसके बाद आवेदनों पर विचार नही किए जाने का उल्लेख निगम ने किया हैं।

उल्लेखनीय है कि, स्पैरों कंपनी के कर्मचारियों द्वारा करदाताओं से टैक्स की राशि ली गई है। लेकिन उसे दस्तावेज में अपलोड नही किया गया है। जिसकी लागतार शिकायत भी आ रही हैं। इस चौतरफा दबाव में घिरे निगम प्रशासन द्वारा पीडितों से आवेदन मांगे गए है। आवेदन के बाद कंपनी के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की बात कही जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि, 25 अक्टूबर 24 तक कार्यालयीन समय सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। इसके बाद आवेदन किये जाने पर विचार नहीं किया जाएगा। निगम प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि, स्पैरो के नाम पर एवं उनके कर्मचारियों टैक्स की राशि न दें। स्पैरो का ठेका निगम ने समाप्त कर दिया है। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अपील कर कहा कि, स्पैरो कंपनी के नाम से कोई भी व्यक्ति टैक्स वसूली के लिए पहुंचता है तो उसे टैक्स की राशि न दें और इसकी सूचना नगर निगम में तुरंत दे, स्पैरो के नाम से टैक्स वसूलने के लिए घर पहुंचता है तो लोक सेवा केंद्र में आकर आयुक्त के नाम से आवेदन करें।

## संध्या यादव को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा पचरीपारा निवासी संध्या यादव को आर्थिक सहायता के तहत दो लाख का चेक प्रदान किया गया। गौरतलब है कि जून में पचरीपारा निवासी श्रीराम यादव का आकस्मिक निधन हो गया था। भाजपा के कार्यकर्ता रहे। उनके पति के कमाई से ही घर का गुजारा चलता था। कार्यकर्त्ता के निधन की सूचना मिलने पर विधायक गजेंद्र यादव आर्थिक सहायता प्रदान करने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को शासन से राशि दिलाने पत्र लिखे थे। शासन ने इसे संज्ञान में लेते हुए उन्हें 2 लाख की प्रदान करने स्वीकृति दी हैं। प्रशासनिक प्रक्रिया के बाद विधायक गजेंद्र यादव ने दिवंगत श्रीराम की पत्नि संध्या यादव को चेक प्रदान किये।

# सामान्य सभा में सत्तापक्ष को घेरने बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी 25 अक्टूबर को नगरनिगम में होने वाले सामान्य सभा की बैठक को लेकर भाजपा पार्षदों ने सत्तापक्ष को घेरने की रणनीति बनाई हैं।

- सत्तापक्ष से पांच सालों का हिसाब मांगेंगे भाजपा पार्षद



बुधवार को भाजपा पार्षद दल ने भाजपा कार्यालय में बैठक लेकर पांच साल के हिसाब का ब्यौरा मांगने का फैसला किया है। इसके आलावा ज्वलंत मुद्दे पर भी घेराव किए जाने का निर्णय लिया गया हैं।

नगर निगम में विगत 5 वर्ष से काबिज महापौर धीरज बाकलीवाल के कार्यकाल में सत्तासीन कांग्रेसी परिषद की अंतिम सामान्य सभा की बैठक होगी। भाजपा कार्यालय में बैठक नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा भी उपस्थित होकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में लाए गए एजेंडों पर सभी पार्षदों ने विस्तार से चर्चा करते हुए विगत 5 वर्षों में निगम हुए टैक्स वसूली में घोटाले व विभिन्न खरीदी में हुए घोटाले तथा बार बार होने वाले जल संकट व साफ सफाई में लचर व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष को जवाब मांगने रणनीति बनाई गई। बैठक में उप नेता प्रतिपक्ष देवनारायण चंद्राकर पूर्व सभापति दिनेश देवांगन पाषर्दगण चंद्रशेखर नरेंद्र बंजारे चंद्रशेखर चंद्राकर काशीराम कोसरे शिवेंद्र परिहार नरेश तेजवानी मनीष साहू अजीत वैद्य ओम प्रकाश सेन श्रीमती चमेली साहू श्रीमती जयश्री जोशी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन श्रीमती हेमा शर्मा श्रीमती कुमारी साहू श्रीमती शशि साहू पुष्पा वर्मा खिलावन मटियारा कमल देवांगन कुलेश्वर साहू जग्गी शर्मा,गुलाब वर्मा गुड्डू यादव सहित अन्य पार्षद मौजूद थे।

## आयुष्मान कार्ड के लिए शिविर आज व कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए शिविर के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। शिविर दुर्ग शहर में प्रतिदिन अलग-अलग वार्डों में लगाया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड बनाने वार्ड 58 उरला में दो दिवसीय शिविर का आयोजन 24 एवं 25 अक्टूबर को संगम चौक मुख्यमंत्री भवन वार्ड क्रमांक 58 में किया जा रहा है। वार्डवासी शिविर में प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक आयुष्मान कार्ड अपडेट करा सकते है एवं नवीन आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य भी किया जाएगा।

# 18 वर्ष के युवाओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी नगरीय निकाय चुनाव के तहत एक जनवरी 2024 के बाद आगामी दस माह में अठारह साल पूरा कर चुके मतदाताओं का भी नाम सूची में जोडने की मांग की जिला निर्वाचन आयोग से की गई हैं। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा।



उन्होंने बताया कि, नगरीय निकाय निर्वाचन 2024 हेतु दुर्ग शहर के सभी मतदान केन्द्रों मे 16 अक्टूबर 2024 से 23 अक्टूबर 2024 तक नाम जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें 1 जनवरी 2024 तक जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, केवल उन्हीं युवाओं का नाम जोड़ा जा रहा है। जबकि उसके पश्चात दस माह और बीत चुका है। उन्होंने कहा कि वर्तमान आवेदन जमा करने के अंतिम दिनांक तक जिन युवाओं की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है, उन सभी मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट मे जोड़ा जाना आवश्यक है। जिससे कि वे अपने मताधिकार का सही समय पर उपयोग कर सके।

वर्तमान दिनांक तक जिन युवक-युवतियों की उम्र 18 वर्ष हो चुकी है उन सभी युवाओं का नाम मतदाता सूची मे प्राथमिकता से जोड़े जाने का आदेश, निर्देश अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी को शीघ्र प्रदान की मांग की गई। सभापति राजेश यादव, एमआईसी संजय कोहले, दीपक साहू, हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया, पार्षद विजेंद्र भारद्वाज, सतीश देवांगन, प्रकाश जोशी, काशीराम रात्रे, मनीष कुमार बघेल उपस्थिति थे।

### ये भी मांगे रखी गई

कलेक्टर से फिल्टर प्लांट 42 एमएलडी के सबस्टेशन के इनर पैनल को आउट डोर करने तथा 24 एवं 42एमएलडी फिल्टर प्लांट में आवश्यक सिविल कार्य हेतु डीएमएफ फण्ड से 68.97 लाख स्वीकृत करने की मांग की गई है। शहर मे बीएसएनएल एवं सीएसपीडीसीएल विद्युत विभाग के बहुत पुराने एवं अनुपयोगी पोल को जांचकर शीघ्र हटाये जाने संबंधित विभाग को निर्धारित समयावधि देकर हटाये जाने निर्देशित करने की मांग की गई।


॥ श्री धीराय नमः ॥






हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री



10 मौके पर क्रेता और विक्रेताओं की फोटो लेने पर ही होगी रजिस्ट्री



### आज बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम, चार दिन तक मौसम में रहेगा बदलाव

# 110 किलोमीटर रफ्तार से चलेगी चक्रवाती तूफान दाना की हवाएं, कई ट्रेनें रद्द हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बंगाल की खाड़ी में चक्रवात दाना का सिस्टम बन गया है। यह पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है, जो उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रहा है । 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे रफ्तार से हवाएं चलेगी। जिसकी वजह से फिर से मौसम फिर से बदलेगा। ट्रेनों को एहतियातन रद्द कर दिया गया है। चार दिनों तक मौसम में बदलवा रहेगा और बारिश के आसार होंगे। मौसम विभाग ने यह चेतावनी दी है।




## इस तरह चक्रवाती सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक मौसमी तंत्र पारादीप से 520 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में, सागर द्वीप से दक्षिण पूर्व में 600 किलोमीटर दूर, और खेपूपारा (बांग्लादेश) से दक्षिण पूर्व में 610 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर प्रबल चक्रवात के रूप में उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर पहुंचने की संभावना है । इसके 24 अक्टूबर के सुबह उत्तर उड़ीसा और पश्चिम बंगाल तट के बीच - पूरी और सागर द्वीप के पास भीतरकनिका और धमारा के बीच का सागरीय तट को पार करने की संभावना है ।

## चार दिन तक मौसम में बदलाव

मौसम विभाग के मुताबिक 25 से 27 अक्टूबर को मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ में सामान्यतः बादल छाए रहने की संभावना है। 24 अक्टूबर को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है ।अधिकतम तापमान में गिरावट अपने न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। 25 अक्टूबर को प्रदेश के मध्य और उत्तर भाग में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 26 अक्टूबर को प्रदेश के मध्य और उत्तर भाग में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। 27 और 28 अक्टूबर में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है ।

## ये ट्रेनें चक्रवात की वजह से रहेगी रद्द

18425 पुरी दुर्ग एक्सप्रेस और 20823 पुरी अजमेर एक्सप्रेस व 12843 पुरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को रद्द रहेगी। 12844 अहमदाबाद पुरी एक्सप्रेस 26 अक्टूबर को रद्द रहेगी। 08475 पुरी-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 25 अक्टूबर को रद्द रहेगी। 18478 ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस दिनांक 23 अक्टूबर को रद्द रहेगी । 18477 पुरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस दिनांक 24 अक्टूबर को रद्द रहेगी । 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस 25 अक्टूबर को रद्द रहेगी । 22865 एलटीटी पुरी एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को रद्द रहेगी । 18426 दुर्ग पुरी एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को रद्द रहेगी । 09060 ब्रह्मपुर सूरत एक्सप्रेस 24 अक्टूबर को रद्द रहेगी। 20824 अजमेर पुरी एक्सप्रेस 29 अक्टूबर को रद्द रहेगी । 22973 गांधीधाम पुरी एक्सप्रेस 22 अक्टूबर को रद्द रहेगी । 09059 सूरत ब्रह्मपुर एक्सप्रेस 23 अक्टूबर को रद्द रहेगी ।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार वृद्ध की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन की ठोकर से वृद्ध की मौत हो गई है। शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के

■ खुर्सीपार थाना क्षेत्र की है घटना, पुलिस जांच में जुटी है

खिलाफ धारा 106(1),281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि डबरापारा दक्षिण वार्ड 11 निवासी करमजीत सिंग 52 वर्ष 14 अक्टूबर को अपनी बाइक से दोस्त कमल कुमार के साथ पावर हाउस काम से गया था। काम कर वापस घर आने के लिए पावर हाउस ओव्हरब्रिज के नीचे से अपने दोस्त कमल को बैठाकर करमजीत लौट रहा था। रास्ते में बाइक बंद हो गई तो कमल बाइक से नीचे उतर गया और करमजीत सिंग बाइक को पैदल लेकर रायपुर से दुर्ग सर्विस रोड से रांग साइड घर जा रहा था। कुछ दूर जाकर कमरजीत सिंग बाइक को चालू किया अचानक चालू हो गया। अकेले बाइक लेकर आगे बढ़ गया तो तेलहा नाला एचएससीएल कालोनी पीपल पेड के पास खुर्सीपार पहुंचा ही था। तब अज्ञात वाहन चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए करमजीत की बाइक को ठोकर मार दी। अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।




# डॉ. खंडूजा के खिलाफ दो दर्जन निवेशक पहुंचे थाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मनमोहन खंडूजा के मामले में बुधवार को दो

■ खुर्सीपार थाना क्षेत्र की है घटना, पुलिस जांच में जुटी है

दर्जन लोग पुलिस में शिकायत करने पहुचे थे। आरोपी डॉ खंडूजा 19.14 करोड़ रुपए के ठगी मामले में जेल में है। मिली जानकारी के मुताबिक डॉ. खंडूजा पर एक करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक की ठगी का नया मामले सामने आया है। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि आरोपी डॉक्टर ने अपने उन्हें फंसाने के लिए एजेंट तैयार कर रखे थे। वे प्रतिमाह बीएसपी से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों की लिस्ट निकालकर उन्हें निवेश का झांसे में फंसाने उनके घर आते थे। जब कोई झांसे में आकर पैसा नहीं दे देता था। तब तक उनके घर लगातार आया करते थे। जब आरोपी डॉक्टर के पास रकम कई करोड़ पहुंच गई तो उसने पैसा देना बंद कर दिया। लेकिन निवेश करने वालों को इसके पूर्व रकम दी भी गई थी। तीन से चार वर्ष तक के बाद जब लोगों को रकम नहीं मिला तो वर्ष 2018 जनसमूह उसे पकड़कर स्मृति नगर चौकी लाई। तब 304 लोगों के साथ लिखित में रकम वापसी का आरोपी ने एग्रीमेंट किया था। पुलिस चौकी पहुची शारदा प्रसाद सिंह के मुताबिक सेवानिवृत्त के पैसे राधिका नगर में घर खरीदा।

बच्चों को शादी और 5 लाख रुपए निवेश किया था। वर्ष 2015 से पैसा वापसी को लेकर भटक रहा हूं। इस्पात नगर निवासी मान सिंह राठौर ने 4 लाख रुपए, सेक्टर-2 निवासी बिंदू लता और उसके पति दिनेश ने कुल 10 लाख रुपए, सेक्टर-1 निवासी एमसी जैन ने 4 लाख रुपए, पोटिया कला निवासी अभिषेक कोरी ने 5 लाख रुपए समेत अन्य लोगों ने डॉ खंडूजा के झांसे में आकर निवेश किया था। दो दर्जन से अधिक लोग अपनी शिकायत लेकर स्मृति नगर पुलिस चौकी पहुचे थे।









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 24 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129




## लाइव इवेंट

### पशु क्रूरता निवारण समिति गठित, मनोज और संजय होंगे अशासकीय सदस्य



**दुर्ग।** शासन के निर्देश पर जिला स्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति का गठन किया गया। इस समिति में उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर समाजसेवी मनोज मिश्रा और संजय बोहरा को अशासकीय सदस्य बनाया गया है। बुधवार को दोनों कार्यालय पहुंचकर पद ग्रहण किया।

■ शासन के दिशानिर्देश पर पशुओं की सुरक्षा के लिए काम करेगी समिति

मनोज मिश्रा ने बताया कि जिला पशु क्रूरता निवारण समिति का पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होता है। उपाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक और शासकीय सदस्य में वनमंडल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी के साथ दुर्ग, भिलाई नगर निगम आयुक्त और जीव जंतु कल्याण बोर्ड के सदस्य के साथ- प्रभारी अधिकारी जिला पशु चिकित्सालय दुर्ग-भिलाई के सदस्य मनोनित किए गए हैं। समिति की नियमित रूप से बैठक होगी, जिसमें पशुओं की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा और सुधार की दिशा में काम किए जाएंगे।

#### पशुधन से अनुचित व्यवहार पर भी करेंगे कार्रवाई

समिति के सदस्य संजय बोहरा ने बताया कि मुख्य उद्देश्य पशुधन के प्रति होने वाली निर्दयिता और अनुचित व्यवहार पर नियंत्रण रखना है। ऐसे लोगों पर विधि के अनुरूप कानून के तहत कार्रवाई करना निश्चित किया जना है। उप संचालक पशुधन विभाग समिति का सचिव होगा। पदभार ग्रहण करने के दौरान भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, राजेश ठाकुर, रजनीश श्रीवास्तव, नितिन, जितेंद्र ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे। उपसंचालक डॉ. एसपी सिंह ने विभाग के द्वारा समिति के उद्देश्य कार्य और अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

● इंडियन हेल्थ इंडेक्स के आंकड़े में बड़ा खुलासा, कोरोनाकाल के बाद बढ़ा आंकड़ा

# ऑनलाइन गेमिंग में देश में 18वें स्थान पर पहुंचा छत्तीसगढ़ हर साल 68 लाख रुपए बहाए जा रहे, तीन में दो बच्चे एडिक्ट

ऑनलाइन गेमिंग के मामले में छत्तीसगढ़ देशभर में 18वें स्थान पर पहुंच गया है। कोरोनाकाल के बाद बीते दो वर्षों में यह आंकड़ा 23 फीसदी और बढ़ गया। इंडियन हेल्थ इंडेक्स के आंकड़े बताते हैं कि ऑनलाइन पढ़ाई करने वाले हर तीन में से दो बच्चे आज इंटरनेट बेस्ड गेमिंग की चपेट में हैं। ग्रुप गेमिंग का कल्चर तेजी से बढ़ा है, जिसने बच्चों को अभद्र भाषा सिखा दी है। इससे बच्चों में कई गलत आदतें घर कर गई हैं। एक्सपट्‌र्स की मानें तो इससे बच्चों का बचाना आवश्यक हो गया है, इसके लिए उनकी हर समय निगरानी जरूरी हो गई है। बच्चे क्या कर रहे हैं, मोबाइल पर कितना समय बिता रहे हैं, किससे मेल-जोल रख रहे हैं, इसकी पूरी जानकारी पालकों को रखना आवश्यक हो गया है।



आलोक तिवारी ⏭ भिलाई

एक्सपर्ट का कहना है कि ऑनलाइन गेमिंग करने वाले बच्चे सबसे पहले झूठ बोलना शुरू करते हैं। इंडेक्स के आंकड़े बताते हैं कि हर साल छत्तीसगढ़ से ही करीब 68 लाख रुपए ऑनलाइन गेमिंग में खर्च हो रहे हैं। पहले स्थान पर दिल्ली व इसके बाद चेन्नई का नंबर है, जहां यह आकड़ा सवा दो करोड़ से भी अधिक है। एक्सपर्ट का कहना है कि यह एक तरह की ऑनलाइन महामारी है, जो धीरे-धीरे बचपन को खत्म करेगी। इससे बचने का एक ही उपाए है, मॉनिटरिंग। इसे लेकर ज्यादा अवेयर होने की जरुरत है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर दोस्तों के साथ मिलने-जुलने और संगति पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। हरिभूमि ने इस मामले को लेकर पड़ताल की। मनोचिकित्सक डॉ. प्रशांत अग्रवाल और मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वंडरकर से बात की। उनसे पूछा कि आखिर इन सबसे बच्चों को कैसे दूर रखा जाए, उन्हें बचाया जाए।

## इन दो मामलों में से जानिए ऑनलाइन गेमिंग का असर

अलग खबर

### केस 1
#### सब्सक्रिप्शन खरीदने बेचा पिता का मोबाइल

रिसाली निवासी बीएसपी कर्मचारी का 13 वर्षीय बेटा इंटरनेट बेस्ड गेमिंग के चक्कर में ऐसा फंसा की पिता का मोबाइल दुकान में बेच आया। इससे जो पैसे मिले, उससे ऑनलाइन गेम के लिए रिवार्ड प्वाइंट और सब्सक्रिप्शन खरीदा। पिता से कहा कि मोबोइल चोरी हो गया है। जब पिता ने इस मामले की शिकायत पुलिस में की तो आईएमईआई नंबर ट्रेक कर पुलिस दुकानदार तक पहुंची। वहां सीसीटीवी कैमरा देखकर बेटी की गलती उजागर हुई।
(जैसा कि मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वंडरकर ने बताया)

### केस 2
#### दूसरी मंजिल से कूद गया छात्र, बच्चे के दोनों पैर टूट गए

बच्चा ऑनलाइन गेम खेल रहा था। अचानक से ग्रुप मेंबर ने उसे गेम की ही तरह एक टास्क दे दिया। उसे अपने घर की दूसरी मंजिल से कूदने को कहा गया। बच्चे ने भी इस चैलेंज को स्वीकार कर लिया और टैरेस पर जाकर छलांग लगा दी। बच्चे के दोनों पैर टूट गए। मनोचिकित्सव से काउंसलिंग के दौरान बच्चे ने बताया कि कॉल ऑफ ड्यूटी ऑनलाइन गेम में कैरेक्टर आसानी से बहूमंजिला इमारत से जंप लगा देता है। गेम के दौरान दोस्तों ने कहा कि वह कर सकता है तो फिर तुम क्यों नहीं। दोस्तों के सामने खुद को बेहतर साबित करने छलांग लगाई।
(जैसा कि मनोचिकित्सक डॉ. प्रशांत अग्रवाल ने बताया)

#### इसलिए आकर्षित हो रहे बच्चे

सॉफ्टवेयर इंजीनियर और एआई एक्सपर्ट डॉ. शाजिया हुसैन ने बताया कि इन गेम्स का ग्राफिक्स बच्चों को सबसे अधिक आकर्षित करता है। डवलपर इन्हें इस तरह से डिजाइन करते हैं कि हर एक लेवल के बाद बच्चों का एक्साइटमेंट बढ़ जाए। फ्री फायर, पब्जी, बीजीएमआई, कॉल ऑफ ड्यूटी जैसे एक दर्जन गेम्स है, जिसमें वर्चुअल तरीके से डायमंड, कपड़े, जूते और बंदूक हासिल करने पैसों का भुगतान करना पड़ रहा है।

#### ये है गेमिंग एडिक्शन के लक्षण

-थोडी-थोड़ी देर में मोबाइल चेक करना चालू है या नहीं।
-सिर्फ मोबाइल में ही लगे रहना।
-आसपास के माहौल से अनजान रहना।
-बात-बात में चिड़चिड़ाना, तनाव ग्रस्त रहना, भूलने की प्रवृत्ति बढ़ना।
-किसी से बात भी नहीं करना। परिवार में भी दूर रहना।
-मोबाइल दूर हो जाने पर बेचैन हो जाना, जिद करना।
-मोबाइल को हर समय अपने पास रखना।

#### ये हो सकता है बचाव

-बच्चों को मोबाइल एडिक्शन से बचाने के लिए पैरेंट्स कम से कम स्कूल की पढ़ाई होने तक बच्चों को मोबाइल न दें।
-कॉलेज पहुंचने पर बच्चों को मोबाइल दे भी दे तो उनको मानसिक रूप से ट्रेंड करें कि उनके लिए क्या अच्छा है,क्या बुरा है।
-मोबाइल एडिक्शन से सिर्फ मोबाइल से दूरी से ही बचाया जा सकता है, घर पर अनुशासनात्मक माहौल बनाएं।
-जब घर पर सभी होते है तो मोबाइल के उपयोग पर बड़े छोटो सभी रोक लगाए।
-जितना काम हो,उतना ही मोबाइल का उपयोग करें, मन से कोशिश करे मोबाइल से दूरी बनाने की।
-बच्चे मोबाइल पर क्या देख रहे है,कितना यूज कर रहे है, इस बात का पैरेंट्स ध्यान रखें।

#### पैरेंट्स ने खुद बनाया स्टेट्स सिंबल

एक्सपर्ट ने बताया कि मोबाइल पर गेम, वॉट्सएप और फेसबुक चलाने वाले बच्चे अपने पैरेंट्स के लिए एक तरह का स्टेट्स सिंबल बन गए हैं। पैरेंट्स बड़े गर्व ने बताते हैं देखो... इतनी छोटी उम्र में हमारा बेटा वॉट्सएप चलाता है। ये कुछ ऐसा ही है जैसे एक १५ साल का लडका पापा को बैठाकर एसयूवी चलाए। चार लोग देखकर कहे, वाह... आपका बेटा कार भी चला लेता है। खैर... आपके लिए स्टेट्स दिखाना अच्छा हो सकता है, लेकिन मोबाइल से बच्चों की इतनी गहरी दोस्ती पर इतराना आगे चलकर आपको परेशानी में डाल देगा।

#### मोबाइल ही छुड़वाएगा एडिक्शन की लत

मोबाइल एडिक्शन से परेशान पैरेंट्स की बात सुनकर एक्सपट्र्स ने कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है। अब मोबाइल ही एडक्शिन की लत छुड़वाएंगे। आपके बच्चे के मोबाइल में प्ले स्टोर से 'ब्रेक फ्री सेलफोन एडिक्शन' और 'एडिक्शन मीटर' नाम के एप इंस्टॉल करने होंगे। यह एप आपको बताएंगे कि आपके बच्चे ने दिन के कितने घंटे कौन सी साइट या वॉट्सएप, फेसबुक पर बिताए। अगर, बच्चा आपके फोन पर कई घंटों तक गेम खेलने का आदि है तो यह एप उसे गेम को हाइड करने में भी मददगार साबित हो सकता है। प्ले स्टोर पर ऐसे कई एप हैं जो मोबाइल एडिक्शन को कंट्रोल करने में मदद करेंगे।

## सिटी इवेंट

### दीनी-दुनियावी तालीम की कसौटी पर परखे गए मदरसों के छात्र



**भिलाई।** मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैम्प-2 में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में दीनी तालीम हासिल कर रहे तलबा (छात्रों) के लिए शैक्षणिक स्तर की प्रतियोगिता 'मुसाबक तालीमी मयार' का दो दिवसीय आयोजन शुरू हुआ। इसमें अंबिकापुर,बिलासपुर, कटघोरा, रांका और भिलाई, दुर्ग सहित समूचे छत्तीसगढ़ से भागीदारी रही। प्रतियोगिता पवित्र कुरआन को सही उच्चारण के साथ पढ़ने और इससे मिलने वाली तालीम और दुनियावी जिंदगी से जुड़े सवालों पर थी। आयोजन में हाफ़िज़ कासिम बस्तवी, दानिश अमरावती, इफ्तिखार, कारी अब्दुल समद, मौलाना हाशिम दुर्ग, मुफ्ती सलीम सुभाष नगर दुर्ग, शहर काजी मुफ्ती सोहेल, मौलाना जुनैद, मौलाना मोहम्मद उमर बिलासपुर, मौलाना जफीर कटघोरा, मुफ्ती फखरुद्दीन रांका आदि मौजूद थे। निर्णायक मुफ्ती नजमुद्दीन व मुफ्ती दानिश, सवाल करने वाले नेमतुल्लाह रांका थे।

## अहोई अष्टमी के साथ पुष्य नक्षत्र का महायोग, खरीदारी के लिए ज्यादा फलकारी

**भिलाई।** दीपावली आने को है और बाजार खरीदारी के लिए सजकर तैयार हो गए हैं। गुरुवार यानी 24 अक्टूबर को कार्तिक माह में पुष्य नक्षत्र का फलकारी संयोग बन रहा है। इस दिन जमकर खरीदारी का मुहूर्त है। ऋज्योतिषाचार्य पं. विनोद चौबे बताते हैं कि 24 अक्टूबर को

■ ऑटोमोबाइल, ज्वेलरी, जमीन-जायदाद, फ्लैट खरीदने का अच्छा मुहूर्ति

अहोई अष्टमी का दिन है। इस दिन महालक्ष्मी की पूजा होती है। इस दिन कुछ लोग अपनी कुल देवी की भी पूजा करते हैं। इस वजह से यह दिन काफी फलदायक होने जा रहा है। इस दिन खरीदारी का अलग-अलग मुहूर्त बन रहा है, जिस समय खरीदारी से दीर्घकालीन लाभ का संयोग बन रहा है। इधर बाजार सजकर तैयार गए हैं। मुख्य रूप से ज्वेलरी, ऑटोमोबाइल, कपड़ा, लाइफ स्टाइल, जमीन की खरीदी-बिक्री और फ्लैट्स बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। लोगों ने भी घरों की रंगाई पोताई और सफाई का काम लगभग पूरा कर लिया है। ज्योतिषाचार्यों और पंडितों की मानें तो सबसे बड़ा और शुभ मुहूर्त 24 अक्टूबर को बनने वाला है।

इस दिन गुरु पुष्य योग रहेगा। गुरु पुष्य योग में आभूषण, भूमि, घर और वाहनों से लेकर इलेक्ट्रिक समानों की खरीददारी करना शुभ माना गया है। 24 अक्टूबर को सर्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धि बनेगा। इस दिन सबसे बड़ा मुहूर्त गुरु पुष्य योग बन रहा है। इसके बाद 29 अक्टूबर को त्रिपुष्कर योग और 30 अक्टूबर को सर्वार्थ सिद्धि योग का भी योग बन रहा है।



#### सबसे अच्छा मुहूर्त शाम 6:55 से 8:51 तक

ज्योतिषचार्य पं. विनोद चौबे बताते हैं कि दो लग्न मुहूर्त होते हैं। इसमें स्थिर लग्न के दोपहर 2:19 से 3:50 तक और 6:55 से 8:51 तक का मुहूर्त है। इसमें 6:55 से 8:51 का मुहूर्त सबसे ज्यादा फलकारी है। चर लग्न में दो मुहूर्ति दोपहर 12:32 से 2:19 और शाम 5:18 से 6:55 तक मुहूर्त बन रहा है। इन चारों मुहूर्ति में खरीदारी करना अच्छा रहेगा। गुरु पुष्य सुबह 11 बजकर 41 मिनट 36 सेकंड में शुरू हो रहा है। गुरु पुष्य योग का भी संयोग बन है। यह महत्वपूर्ण दिन है। कार्तिक महीना भगवान नारायण का माह है। विशेष रूप से इन महीने में माता लक्ष्मी के अलग-अलग रूपों की पूजा होती है। इस दिन सिद्ध नामक योग भी है। यह भी फलकारी है। इसलिए पुष्य नक्षत्र के इस दिन में जातक को खरीदारी करनी चाहिए।

## रिसाली निगम में नए एमआईसी सदस्यों ने लिया कार्यभार



**भिलाई।** रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाली परिषद में शामिल 4 नए पार्षद ने बुधवार को कार्य लिया। एम.डी. जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, संजू नेताम और ममता यादव ने पूजा अर्चना कर अपने चेम्बर में बैठे। कार्यभार ग्रहण करने के बाद एमआईसी कार्यो की समीक्षा करने विभागवार बैठक बुलाने निर्देश भी दिए। चारों एमआईसी दोपहर महापौर कार्यालय पहुंचे। थोड़ी देर बाद महापौर शशि सिन्हा और सभापति केशव बंछोर के मार्गदर्शन में सबसे पहले आवास, पर्यावरण एवं लोक निर्माण विभाग प्रभारी एम.डी. जहीर अब्बास ने कार्यभार ग्रहण किया। इसके बाद स्वास्थ्य तथा स्वच्छता विभाग प्रभारी संजू नेताम, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं विद्युत विभाग प्रभारी ममता यादव और अंत में जल कार्य विधि सामान्य प्रशासन विभाग प्रभारी अनिल देशमुख ने अपने कक्ष में कार्यभार ग्रहण किया।

## सिटी इवेंट

### डॉ. उदय सम्मानित हुए राज्यपाल के हाथों



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने कला मंदिर में आयोजित स्वच्छता वीर सम्मान समारोह में इस्पात नगरी भिलाई के सेवाभावी चिकित्सक डॉ. उदय कुमार को सम्मानित किया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस कार्यक्रम में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत भिलाई नगर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना अमूल्य योगदान देने वाले 55 स्वच्छता वीरों को महात्मा गांधी का छायाचित्र, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इनमें डॉ. उदय भी शामिल हैं। समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन और दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी शामिल हुए। डॉ. उदय भिलाई स्टील प्लांट के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के अंतर्गत जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर-9 की बर्न यूनिट के प्रभारी है। समाज के दलित और वंचित समुदाय की बेहतरी के लिए वह लगातार कार्य कर रहे हैं। जिसमें उनका इस समुदाय की चिकित्सा और शिक्षा पर विशेष जोर है।

हुनर छत्तीसगढ़ डांसिंग प्रतियोगिता का आगाज़, 10 नवंबर को सूर्यकुंड में सेमीफाइनल

## डांसिंग स्टार बनने 150 प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर, 10 को होगा सेमीफाइनल

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** ट्विनसिटी में डांस के हुनर की खोज करने हुनर छत्तीसगढ़ का डांसिंग स्टार प्रतियोगिता का आयोजन प्रजापति भवन शांति नगर में किया गया। जिसमें सभी आयु वर्ग के लगभग 150 प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक अपने हुनर का प्रदर्शन किया। आयोजन की जानकारी देते हुए शांति नगर के पूर्व पार्षद ललित मोहन ने बताया कि चयन प्रतियोगिता में सब जूनियर, जूनियर वर्ग, सीनियर व सुपर सीनियर वर्ग में सभी प्रतिभागियों ने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन का सेमीफाइनल 10 नवंबर को पार्षद पीयूष मिश्रा द्वारा सूर्यकुंड तालाब हाउसिंग बोर्ड में किया जाएगा। जिसका ग्रैंड फिनाले 18 नवंबर को दशहरा मैदान, शांती नगर में होगा।

#### सेमीफाइनल में इनका हुआ चयन

विभिन्न कैटेगिरी में इसमें सब जूनियर वर्ग में श्रद्धा दास, आरव तिवारी, अक्ष सोनी, आरुषि कौर, आराध्या चक्रवर्ती, आर्या वरलयानी, आरायना ख़ान, कुशद गुप्ता, नमन दास मानिकपुरी, वंश साखरकर, टी दीक्षा, तश्वी, तुषार खटी, जूनियर वर्ग में आयाना खरे, काजल भांडेकर, राजवी पुन्नल, आरुष श्रीवास, गीत वर्मा, रिशु सिंह, रुद्र पाटीदार, भावना साहू, अनुष्का यादव, भूमिका साहू, आर्या जैन, रुखसार खातून, अनुष्का सूत्रधार, दृश्या साहू चयनित हुए। सीनियर वर्ग में सोहेल अली, अरमान पालेश्वर, रूपाली देवांगन, रोहिणी शर्मा, चाऊ, ब्लैक स्टार साईं, प्रभा वडालकर, धनंजय साहू, किरण मालगे, लिक्विड, सूरज एस डेडीकेशन, राहुल डेडीकेशन, साम्या देशमुख, कृष्णा रात्रे चयनित हुए। सुपर सीनियर वर्ग में सुषमा शर्मा, सुनीता अग्रवाल, सारिका देवी, तरुण कुमार धोते, श्वेता राजपूत, राकेश रामटेके, दुर्गा कोल्हे, रश्मि देशमुख प्रतिभागी चयनित किए गए। निर्णायक टीम में अतुल बौद्ध, तारीका सोनकर, अर्पिता कौर गिल, पिया भौमिक साखरकर, जिया फरिश्ता थे। संचालन नम्रता सेन ने किया।











# श्री खाटू श्याम ज्योतिष

## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस.के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



पं. एस.के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना**

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/-

फोन से परामर्श केवल ₹251/-

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**"जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान"**



बुकिंग के लिए संपर्क करें
**7470674060**

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसायपारा चौक, गुप्ता प्रेस के नीचे, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

-: संपर्क सूत्र :-

**पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस.के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप



### पुलिस स्मृति दिवसः शहीद पुलिस कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**भिलाई।** पुलिस स्मृति दिवस पर बीएसपी ईएमएमएस–1 स्कूल सेक्टर–1 में आयोजित कार्यक्रम में छग पुलिस के शहीदों, आरक्षक अमित नामक तथा आरक्षक विश्राम मांझी को श्रद्धांजलि दी गयी। परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। उप निरीक्षक एस एन सिंग ने कहा कि सभी बच्चों में देश प्रेम का ऐसा ही जज्बा होना चाहिए। बीएसपी के शिक्षा विभाग के उप प्रबंधक अशोक सिंग ने शहीद अमित नायक के बचपन से जुड़ी यादों को साझा करते हुए उनकी बहादुरी की प्रशंसा की। शाला के प्रधान पाठक पीआर साहू ने कहा कि दोनों शहीद आरक्षक बीएसपी स्कूल के छात्र थे, तथा उनकी शहादत पर हम सभी को गर्व है। अंत में मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी।

### अकताई में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**जामगांव आर।** ग्राम अकतई में ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चतुर्थ दिवस अतिथि भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नारद साहू थे। श्री साहू ने कहा कि क्रिकेट शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक मजबूती देने वाला खेल है। इस दौरान रवि सिन्हा सदस्य जनपद पंचायत पाटन, जिनेश जैन सरपंच ग्राम पंचायत ओदरागहन, अभिषेक सेन मीडिया प्रभारी भाजयुमो दक्षिण पाटन, कमलेश यादव उपस्थित थे।

## निधन

### दौवा राम चौहान



**दुर्ग।** गया नगर दुर्ग निवासी दौवा राम चौहान उम्र 70 वर्ष का निधन 23 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार शंकर नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे दिलीप चौहान व बलराम चौहान के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये।

# हितधारकों को लाभकारी योजनाओं से किया गया जागरूक

## भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग में कस्टमर मीट का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र के विपणन विभाग द्वारा ग्राहक एवं हितधारकों के विभिन्न मुद्दों व शिकायतों को दूर करने और उन्हें विभिन्न प्रणालीगत सुधार के बारे में जागरूक करने के लिए कस्टमर मीट का आयोजन किया गया । इसमें ग्राहकों तथा अन्य हितधारकों के लाभ के लिए उठाए गए पारदर्शी और नैतिक व्यवसाय प्रथाओं को बनाए रखने की दिशा में किए गए प्रयासों की जानकारी दी गई।



### जल्द होगा समाधान

बैठक में ग्राहकों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं और कठिनाइयों पर चर्चा की गई। ग्राहकों को मेटल जंक्शन प्लेटफार्म में विकासों, डिलीवरी आर्डर के डिजिटलीकरण से संबंधित बीएसपी में एसएपी प्रणाली, ग्राहकों के लिए डिलीवरी आर्डर की स्थिति देखने के लिए मोबाइल ऐप और सीएनआईटी विभाग द्वारा वैन के माध्यम से आनलाइन भुगतान के विषय में जानकारी दी गई। कार्यप्रणाली में और सुधार के लिए वर्तमान में कुछ मुद्दों का समाधान प्रक्रियाधीन है और कुछ समस्याओं का समाधान जल्द ही किया जाएगा।

विभिन्न श्रेणियों के सेकेण्डरी प्रोडक्ट एवं सामग्रियों की बिक्री से जुड़े क्रेताओं व विक्रेताओं ने भाग लिया, जिनमें डिफेक्टिव स्टील स्क्रैप, स्लैग, कोल केमिकल, पिग आयरन तथा कमर्शियल रेल शामिल हैं। संबंधित विभागों सतर्कता विभाग, वित्त विभाग, सी एंड आईटी, मेटल जंक्शन आदि के संबंधित अधिकारियों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती भी उपस्थित थे।

## सरपंच के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत, लाखों के गबन का आरोप

# पंचदेवरी ग्राम पंचायत में फर्जी बिल परिवार वालों के नाम पर राशि गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्राम पंचायत पंचदेवरी विकास खंड धमधा में फर्जी बिल वाउचर से राशि गबन करने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत कलेक्टर से लिखित में की गई है। गबन को लेकर जांच के भी आदेश दिए है। जांच के लिए चार अधिकारियों की टीम भी बनाई गई है। ग्राम पंचायत पंचदेवरी धमधा निवासी अरुण कुमार लहरे ने आरोप लगाया है कि पंचदेवरी की सरपंच संत कुमारी सोनके अपने नातेदार को फर्जी बिल बाउचर बनाकर शासन की राशि का गबन किया है। जिस पर कार्रवाई कर सरपंच के पद से बर्खास्त करने की मांग की है। आरोप है कि सरपंच ने अपने जेठ लोकप्रकाश सोनके को नल ऑपरेटर, मजदूरी की राशि में फर्जी बिल वाउचर बनाकर राशि का गबन किया है। इसके अलावा जेठानी चंद्राकि बाई, विलापा बाई का नाम मजदूरी में डालकर मस्टरोल में फर्जी तरीके से राशि आहरण किया है। शिकायतकर्ता अरुण कुमार लहरे ने इसे लेकर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर सरपंच का फर्जी बिल बाउचर व नातेदार को अपने स्वार्थ, निजी कार्य के लिए रुपए का गबन करने की जानकारी हुई। अरुण कुमार लहरे के मुताबिक अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिलाई तीन में 14 अक्टूबर को आवेदन पत्र दौरा 40 सह पठित धारा 92 छग पंचायत राज्य अधिनियम 1993 के तहत शिकायत की गई है।

### चार अधिकारी करेंगे जांच




### सात दिनों के भीतर जांच कर प्रतिवेदन

शिकायकर्ता ने बताया कि 16 अक्टूबर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को इसे लेकर सात दिनों के भीतर जांच कर प्रतिवेदन पेश करना का निर्देश दिया गया है। सरपंच संत कुमारी सोनके को नातेदार को लाभ पहुचाने फर्जी बिल वाउचर बनाकर लाखों रुपए का गबन करने का आरोप शिकायतकर्ता ने लगाया है। अरुण कुमार लहरे ने मांग किया है कि अधिनियम धारा 40 के तहत कारण बताओं नोटिस जारी कर पंचायत राज अधिनियम धारा 92 के तहत गलत तरीके से राशि आहरण कर सरपंच पर गबन का आरोप लगाया है। पंचदेवरी सरपंच संत कुमारी सोनके पर लगे आरोप की जांच चार अधिकारी मिलकर करेगें। इसमें सहायक विकास विस्तार अधिकारी राघवेन्द्र प्रताप सिंह, करारोपण अधिकारी जितेन्द्र बंछोर, मुकेश सौरज, तकनीकी सहायक मेघनाथ जनपद धमधा मामले की जांच करगें।

### जांच के लिए टीम बनाई गई है

" जांच टीम बनाई गई है। मतदाता सूची और दावा आपति के निराकरण के बाद जांच शुरु की जाएगी। नियमनुसार जांच की जाएगी। जो इसमें दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**किरण कौशिक**
सीईओ
जनपद पंचायत धमधा

### आरोप गलत है

" जो भी आरोप लगाया गया है। पूरी तरह से झूठ और गलत है। मेरा आरोप सिद्व करके दिखाए। मीडिया के सामने डेबिट करने को तैयार हूं। मैने सिर्फ विकास ही किया है। जांच निष्पक्ष होने पर सारा चीज क्लियर हो जाएगा।

**संत कुमारी सोनके**
सरपंच ग्राम पंचायत पंचदेवरी

### दुर्ग जिला किसान मोर्चा महामंत्री अजीत बने सक्रिय सदस्य



**अंडा।** उतई भाजपा मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा ने जिला किसान मोर्चा महामंत्री अजीत चंद्राकर को सदस्य बनाया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री मुकेश चंद्राकर, उतई मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष फलेन्द्र राजपूत, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, बूथ अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति उपाध्यक्ष यशवंत बंजारे सहित आदि उपस्थित थे।




### सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग निदान लक्षण की दी जानकारी



**जामगांव आर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हाईस्कूल एवं हायरसेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग की जानकारी देने कुष्ठ विभाग के अधिकारियों की टीम मंगलवार को सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर पहुंचकर विस्तृत जानकारी दिए। विभागीय टीम ने विकसित भारत अभियान के तहत जिले को कुष्ठ रोग मुक्त करने कलेक्टर दुर्ग का संदेश का वाचन किए। कुष्ठ रोग विभाग टीम में एनएमएस पीआर बंजारे, एसडी बंजारे एनएमए सीएल मैत्री डीपी वर्मा, वरिष्ठ स्वास्थ्य शिक्षक केएस वर्मा शामिल रहे। टीम ने बच्चों को लक्षण का चित्र भी दिखाए। श्री बंजारे ने बताया कि कुष्ठ रोग सामान्य रोग है घबराने डरने या छुआछूत वाली रोग नहीं है। सरकारी अस्पताल में दवाई निः शुल्क मिलती है, ना कुष्ठ छुपाए ना घबराए अन्य बीमारी की तरह सामान्य इलाज कराए। उन्होंने कहा कि त्वचा के ऊपर हल्का पीला बदरंग दाग जिसमें सुन्नपना हो जिसमें दर्द खुजली जलन नहीं होती, चेहरे में सूजन, लाल चमक कानों में गांठे, तंत्रिका में सूजन दर्द झुनझुनी होना आदि लक्षण दिखे तो जांच कराए और निःशुल्क दवाई पाए। जिले को कुष्ठ रोग मुक्त करने में सभी दायित्व निभाए भूमिका निभाए।




## बिजनेस साइट

### सिद्धि रॉयल्सः डाउन पेमेंट पर घर ले जा सकते हैं बुलेट



**भिलाई।** देश की सबसे बड़ी दो पहिया वाहन कंपनी में शामिल रॉयल एनफील्ड के बाइक के लिए फेस्टिवल सीजन में 'सिद्धि रॉयल्स' सुपेला भिलाई में अग्रिम बुकिंग के लिए ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। 'सिद्धि रॉयल्स' में रॉयल एनफिल्ड के बाइक के लिए अभी तक 200 से अधिक ग्राहकों ने दुर्गा पूजा एवं धनतेरस को लेकर अग्रिम बुकिंग कराई हैं। 'सिद्धि रॉयल्स' की ओर से दुर्गा पूजा एवं धनतेरस को ध्यान में रखते हुए ग्राहकों को विशेष सुविधा दी जा रही है। संचालक रोमिल राठी ने बताया कि केवल 4999/- रुपए के डाउन पेमेंट घर बैठे जीरो परसेंट प्रोसेसिंग फी पर आप लोन की सुविधा लेकर बाइक डिलीवरी ले सकते हैं। सैनिक और अर्ध सैनिक बल के लिए कैंटीन सुविधा पर बाइक उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्ग पुलिस, रेलवे पुलिस सीआरपीएफ वालों को एक निश्चित छूट दी जा रही है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'सिद्धि रॉयल्स' सभी ग्राहक को फ्री में हेलमेट उपलब्ध करा रही है इसके साथ ही घर बैठे फ्री टेस्ट राइड, न्यूनतम ब्याज दर, न्यूनतम डाउनपेमेंट पर ग्राहकों को बाइक खरीदने की सुविधा 'सिद्धि रॉयल्स' के भिलाई शोरूम सुपेला, दुर्ग, बेमेतरा और पाटन शोरूम पर दी जा रही है। ग्राहकों को घर बैठे टेस्ट राइड की भी व्यवस्था की गई है, जिससे ग्राहकों में काफी खुशी देखी जा रही है। पर्याप्त स्टॉक की होने के कारण ग्राहक अपनी पसंद की बाइक चुन कर ले पा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए ग्राहक शो रुम में विजिट कर सकते हैं।

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### मांगलिक व अन्य कार्यक्रमों में नशे पर हो पूर्ण प्रतिबंधः कुंबी समाज




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ लोनारी कुंबी समाज द्वारा अर्द्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री रामचन्द्र के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। समाज के सदस्य व कल्याणी संस्था के निदेशक अजय कल्याणी द्वारा सामाजिक, सार्वजनिक, मांगलिक व दुखद कार्यक्रमों में नशे पर पूर्ण प्रतिबंध के लिए बैठक में प्रस्ताव रखा। जिसमें समाज के वरिष्ठ सदस्यों आरएन फाटे, मधुकर धोते, आनंदराव गीद, वामन भराडे, संतोषराव डोंगरे, पूर्व अध्यक्ष एसआर वराठे तथा दिलीप बारस्कर व अन्य सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। संस्था के अध्यक्ष अनिल भोसले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज व युवा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य व राष्ट्र निर्माण से जुड़ा मामला हैं। उक्त प्रस्ताव को बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने हाथ उठाकर सर्व सहमति से पारित किया गया। समाज के अध्यक्ष अनिल भोसले द्वारा संकल्प दिलाया गया कि किसी भी सामाजिक, सार्वजनिक, मांगलिक व दुखद कार्यक्रम में नशापान नहीं करेंगे। मैं यह भी संकल्प लेता हूं कि यदि अन्य कोई साथी कार्यक्रम में नशा करके आता है तो उसे नशा न करने की सलाह दूंगा और अपने छोटे भाई, बहन व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु नशा मुक्त समाज का निर्माण करने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाऊंगा।

### भाजपा की सदस्यता अभियान जोरों पर

**उतई।** नगर सहित दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की सदस्यता अभियान जोरशोर से चल रहा है। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री रोहित साहू को मंडल अध्यक्ष फतेलाल वर्मा के द्वारा सक्रिय सदस्य बनाया गया। जिसमें उतई नगर भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू, घनश्याम चंद्राकर, भीष्म देवांगन सहित भाजपा के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।




समक्षः श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**-: शपथ-पत्र ::-**

मै ए जगदंबा राव पति अकुला श्रीनिवास राव उम्र-42 वर्ष निवासी पंचशील नगर चरोदा पो. चरोदा थाना भिलाई 3 जिला दुर्ग की हुं। जो निम्नांकित शपथ पूर्वक कथन प्रस्तुत करती हुं।

01. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हुं।
02. यह कि मेरे पुत्र का नाम ए. सिद्धार्थ राव पिता का नाम ए. श्रीनिवास राव माता का नाम ए. जगदंबा जन्म तिथि 04.06.2010 पंजीयन कमांक 939 दिनांक 01.07.2010 है।
03. यह कि मेरे पुत्र ए. सिद्धार्थ राव का जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा, जिला दुर्ग में बनाया गया था।
04. यह कि उक्त प्रमाण में प्रथम नाम ए. का पूर्ण नाम अकुला दर्ज कराकर शिशु का नाम अकुला सिद्धार्थ राव पिता का नाम अकुला श्रीनिवास राव एवं माता के नाम में अंतिम नाम राव जुड़वाकर माता का नाम ए. जगदंबा राव दर्ज कराकर उक्त प्रमाण पत्र की द्वितिय प्रति प्राप्त करना चाहती हूं।
05. यह कि जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन हेतु जो भी नियम व शर्ते है मुझे मान्य है।
06. यह कि जन्म प्रमाण पत्र की संशोधित प्रति प्राप्त करने हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत करती हुं।

शपथकर्ती
ए जगदंबा राव

**छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक ज्वांरा की प्रस्तुति 3 कोः निकुम।** बाबा मोंहदीपाठ मंडई पर्व पर खुरसुल के बाजार चौक में 3 नवम्बर को छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक ज्वांरा पेण्ड्री गुडरदेही की मनमोहक प्रस्तुति रात्रि 9 बजे होगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


।। श्री गणेशाय नमः।।
9301439490
9179900225
चिराग ऑटोडील
महाराजा चौक,बोरसी,दुर्ग (छ.ग.)
दिवाली ऑफर
इंश्योरेन्स
फाईनेंस
आर.टी.ओ.
चिराग ऑटोडील
से कार खरीदने पर बस्तर घूमने का सुनहरा मौका
हमारे यहॉ-पुराने टू व्हीलर एण्ड फोर व्हीलर खरीदी एवं बेची जाती है


।। श्री गणेशाय नमः।।
7089215652
सोनू फैमिली कलेक्शन एण्ड फैन्सी स्टोर्स
Mens Wear I Ladies Wear I Kids Wear
दिवाली ऑफर
सोनू फैमिली कलेक्शन से खरीदारी करने पर
आकर्षक उपहार
हमारे यहाँ सभी डिजाइनों के ब्लाऊज एवं सलवार सूट की
सिलाई की जाती है ब्लाऊज अस्तर मिलते है
एवं साड़ी में पीको फॉल किया जाता है।
बोरसी चौक महाराणा प्रताप नगर, दुर्ग (छ.ग.)


TVS
चाहिये... नरेश आईये
TVS RAIDER
NTORQ 125
TVS Jupiter ZYADA KA FAYDA
TVS XL100 HEAVY DUTY i-TOUCH start
PURCHASE ANY VEHICLE AND
GET A CHANCE TO WIN
"INTERNATIONAL TRIP"
VIETNAM
BALI
CAMBODIA
FREE
HELMET
1 YEAR EXTENDED ELECTRICAL WARRANTY
2 YEAR FREE SERVICE
PETROL
TVS iQUBE ELECTRIC
NARESH TVS ke sath
GHUMO DUNIYA
TVS Sport
माइलेज का बाप
TVS
चाहिये... नरेश आईये
माइलेज की धूम धाम। सबसे मस्त दाम।
₹ 4,500/- नगद छूट
₹7200^ तक की बचत
₹6 666** कम डाउन पेमेंट
₹7500^ कैशबैक
एक्स-शोरूम कीमत ₹61460/-# से शुरु
AND ASSURED GIFT WORTH RS 6000*/-
अधिकृत विक्रेता : TVS MOTOR CO. LTD.
नरेश TVS
78983-68258, 94079-85914
ICICI बैंक के सामने, कृष्णा टॉकीज रोड, रिसाली, भिलाई